समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# असम मे 15 वर्षीय किशोरी की हत्या से सनसनी, दुष्कर्म की आशंका ; 5 हिरासत मे, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

Sanket Morankar

Published on 03 Aug 2026



असम के **हैलाकांडी जिले** में 15 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। परिवार का आरोप है कि किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की गई। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यौन उत्पीड़न की पुष्टि **पोस्टमार्टम रिपोर्ट** आने के बाद ही की जा सकेगी।

घर में मिला किशोरी का शव

पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार रात **कटलीछेरा थाना क्षेत्र** के **अलोइचोरा** इलाके की है। किशोरी अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां आयोजित भोज में गई थी, लेकिन किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद वह अकेले घर लौट आई।

कुछ समय बाद जब परिवार वापस घर पहुंचा तो किशोरी मृत अवस्था में मिली। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

परिजनों ने आरोप लगाया है कि किशोरी के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि इन आरोपों की पुष्टि मेडिकल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही की जाएगी।

पांच लोगों को हिरासत में लिया गया

हैलाकांडी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) ने बताया कि मामले में **एफआईआर दर्ज** कर ली गई है और **पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया गया है**। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

लोगों का प्रदर्शन

घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर **राष्ट्रीय राजमार्ग-6** पर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि वैज्ञानिक एवं फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.